# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद–अमेठी।

पत्रांक– के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/2646-51 /2022–23 दिनांक–23/06/2022

## विज्ञप्ति/सूचना

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ के पत्रांक–के0जी0बी0वी0/1446/2022–23 दिनांक–16 जून, 2022 के द्वारा प्रदत्त निर्देश के कम में जनपद अमेठी में संचालित 03 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (विकास खण्ड–भादर, सिंहपुर एवं जगदीशपुर) में मुख्य रसोईयां एवं सहायक रसोईयां के रिक्त शिक्षणेत्तर कर्मियों के पद पर चयन हेतु निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थियों से शैक्षिक सत्र 2022–23 (11 माह 29 दिन) के लिए संविदा आधारित चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदों का विवरण, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्धारित अर्हता तथा आवश्यक दिशा निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कार्यालय जनपद अमेठी के सूचना पट तथा जनपद के एन0आई0सी0 की वेबसाइट **www.amethi.nic.in** पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जनपद अमेठी के कार्यालय में दिनांक–08.07.2022 को सांय 05:00 बजे तक स्वीकार्य किये जायेंगे। अपूर्ण आवेदन पत्र एवं साधारण डाक अथवा दस्ती से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

डॉ0 (अरविन्द कुमार पाठक)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद अमेठी।

पृ0सं0: के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/ /2022–23 तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी।
3. मुख्य विकास अधिकारी, अमेठी।
4. सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), अयोध्या मण्डल, अयोध्या।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जनपद अमेठी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को एन0आई0सी0 की बेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. संपादक दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण व हिन्दुस्तान को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र के लखनऊ संस्करण में न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों पर प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमेठी में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जनपद–अमेठी।

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद–अमेठी।

पत्रांक– के0जी0बी0वी0 / स्टाफ चयन /                /2022–23        दिनांक–

## विज्ञप्ति / सूचना

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ के पत्रांक–के0जी0बी0वी0 / 1446 / 2022–23 दिनांक–16 जून, 2022 के द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी महोदय, जनपद अमेठी के अनुमोदन दिनांकः–21.06.2022 के अनुपालन में शैक्षिक सत्र 2022–23 जनपद अमेठी में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (विकास खण्ड–भादर, सिंहपुर एवं जगदीशपुर) में निर्धारित मानदेय पर शिक्षणेत्तर कर्मियों यथा–मुख्य रसोइयां एवं सहायक रसोइयां की आवश्यकता है, जिनके रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | पद नाम | शैक्षिक योग्यता | मानदेय प्रतिमाह | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अनु0 जाति | अन्य पि0 वर्ग | योग |
| 1. | मुख्य रसोइया | कक्षा–8 उत्तीर्ण | 6900 / – | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 2. | सहायक रसोइया | कक्षा–8 उत्तीर्ण | 5175 / – | 1 | 1 | 0 | 2 |
| | | | | | | कुल योग– | 3 |

1. **अर्हता एवं शर्तें–**
   - (i) मुख्य रसोइयां / सहायक रसोइयां हेतु शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा–08 पास होगी तथा अभ्यर्थी को अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए
   - (ii) मुख्य रसोइयां, सहायक रसोइयां के रिक्त पदों पर चयन, महिला अभ्यर्थियों का ही किया जायेगा।
   - (iii) उक्त पदों के मानदेय का भुगतान राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ से अनुमोदित बजट / निर्देशानुसार ही देय होगा, मानदेय परिवर्तन पर कोई वाद / दावा मान्य नहीं होगा।
   - (vi) मुख्य रसोइयां एवं सहायक रसोइयां का पद पूर्णकालिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में आपका चयन समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्ण कालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं होगी।
2. **आयु**–01 अप्रैल, 2022 को सभी रिक्त पदों हेतु न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष मान्य होगी।
3. **चयन प्रकिया**–गैर शैक्षणिक स्टाफ मुख्य रसोइयां तथा सहायक रसोइयां का पद पूर्णकालिक होगा तथा इस पद पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। मुख्य रसोइयां / सहायक रसोइयां पद हेतु साक्षात्कार 50 अंक का होगा जिसमें शारीरिक क्षमता हेतु 20 अंक, पाक कला के ज्ञान हेतु 20 अंक तथा अनुभव हेतु 10 अंक निर्धारित है।
4. **सामान्य निर्देश–**

(i) आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में **आवेदित पदनाम एवं जाति / वर्ग** अंकित होना चाहिए।

(ii) आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक एवं अन्य वांछित प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न होनी चाहिए।

(iii) आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगें। अपूर्ण एवं स्पष्ट हस्ताक्षर न किये हुए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ दो लिफाफे जिनमें प्रत्येक पर रू0 40–40 / – का डाक टिकट लगा हो संलग्न होना चाहिए।

(iv) प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन करना होगा। एक पद के लिए एक से अधिक आवेदन मान्य नहीं होगें।

(v) रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है। चयन सेवा अनुबंध के आधार पर एक शैक्षिक सत्र (अधिकतम 11 माह 29 दिन) हेतु होगा तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिए सेवा अनुमन्य का विस्तारिकरण किया जा सकता है।

(vi) उक्त समस्त पद संविदा आधारित एवं शैक्षिक वर्ष 2022–23 के लिए होंगे, जो 28 फरवरी, 2023 को स्वतः समाप्त हो जायेंगे। कार्य-व्यवहार ठीक पाये जाने पर ही अगले शैक्षिक सत्र के लिए नवीन अनुबन्ध करने पर विचार किया जायेगा।

(vii) सेवाएं संतोषजनक न होने पर संविदा किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।

**(viii)** राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधान के अनुसार आरक्षण देय होगा।

**(ix)** उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को एन0आई0सी0 अमेठी की बेवसाइट **www.amethi.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद अमेठी से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**(x)** विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय समिति के पास रक्षित होगा, जिस हेतु कोई भी वाद मान नहीं होगा। विज्ञप्ति लिपिकिय त्रुटि के संधान रहेगी।

**(xi)** आवेदन पत्र का प्रारूप जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में चस्पा है।

**(xii)** इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांकः–08.07.2022 को सांय 05:00 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सैंठा रोड गौरीगंज, जनपद अमेठी को केवल स्पीडपोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते हैं। साधारण डाक, कोरियर से प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार्य कर दिया जायेगा।

AKU 23/6/22

**डॉ0(अरविन्द कुमार पाठक)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**जनपद अमेठी।**

**पृ0सं0: के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/ /2022–23 तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी।
3. मुख्य विकास अधिकारी, अमेठी।
4. सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), अयोध्या मण्डल, अयोध्या।
5. प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सुलतानपुर/अमेठी।
6. जिला विद्यालय निरीक्षक, जनपद अमेठी।
7. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जनपद अमेठी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को एन0आई0सी0 की बेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद अमेठी को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने का कष्ट करें।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**जनपद–अमेठी।**

# कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय जनपद अमेठी में रिक्त मुख्य रसोइयां एवं सहायक रसोइयां पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

**(आवेदन पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वयं साफ–साफ भरा जाय। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नही होगी। नाम–पिता का नाम तथा जन्मतिथि 8वीं उत्तीर्ण प्रमाण पत्र के अनुसार अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दी जायेंगी।)**

स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें

1. आवेदित पद का नाम.......................................................
(मुख्य रसोइयां / सहा0 रसोइयां)
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में).......................................................
3. **(क)** पिता का नाम.......................................................
**(ख)** विवाहित होने की स्थिति में पति का नाम.......................................................
4. स्थायी पता.......................................................
.......................................................
5. पत्र व्यवहार का पता .......................................................
.......................................................
6. दूरभाष नम्बर.......................................................
7. जन्म तिथि (कक्षा–8 प्रमाण पत्र के अनुसार).......................................................
दिनांक 01.04.2022 को आयु........................वर्ष........................माह..................दिन..............
8. राष्ट्रीयता .......................................................
9. आरक्षित श्रेणी (सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनु0 जाति, अनु0 जनजाति)...................................
10. विकलांगता (निर्धारित प्रारूप पर प्रमाण पत्र संलग्न करें)...................................
11. शैक्षिक योग्यता–

| क.सं. | परीक्षा का नाम | जनपद / विद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिषत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कक्षा–8 | | | | | |
| 2. | | | | | | |

**घोषणा**

मै शपथ पूर्वक अभिकथन करती हूँ कि मेरे द्वारा अंकित उपरोक्त विवरण / सूचनाएं पूर्णतया सत्य हैं। चयन के पूर्व अथवा बाद में जांचोपरान्त यदि कोई भी कथन असत्य पाया जाय या सूचनाएं मेरे द्वारा छुपायी गयी हों तो मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी और इसके लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूँगी। मेरा कार्य असन्तोषजनक पाये जाने पर मेरी संविदा के चयन को निरस्त कर दिया जाता है तो मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी और इस सम्बन्ध में मैं किसी भी मा0 उच्च न्यायालय में वाद दायर नहीं करूँगी।

**दिनांकः–**..............................

**संलग्नकों का विवरण**........................

**अभ्यर्थी का नाम एवं हस्ताक्षर**

23/6/22

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
अमेठी